डेनमार्क का 4,000 वर्ष पुराना वुडन सर्कल

[स्रोत: द हिंदू](#)

डेनमार्क में पुरातत्त्वविदों द्वारा **इंग्लैंड के स्टोनहेंज (3100-1600 ईसा पूर्व)** जैसे दिखने वाले **4,000 वर्ष पुराने** नियोलिथिक **वुडन सर्कल** की खोज की गई है।

मुख्य निष्कर्ष:

- इस संरचना में **30 मीटर व्यास** में व्यवस्थित **45 वुडन पाइल्स** शामिल हैं जिनका उपयोग संभवतः **अनुष्ठानों या सूर्य पूजा** में किया जाता था।
- इसके पास में ही एक **कांस्य युगीन (1700-1500 ईसा पूर्व)** बस्ती मिली है, जिसमें एक **कब्र और एक कांस्य तलवार** भी शामिल है।
    - **कांस्य युग** 2,000 ईसा पूर्व से 700 ईसा पूर्व तक का समय था जब लोग कांस्य का उपयोग करते थे।
- यह खोज **मृदभांडों और कब्रों** जैसी साझा कलाकृतियों के माध्यम से डेनमार्क के **नवपाषाणकालीन अनुष्ठानों और ब्रिटेन के साथ संभावित सांस्कृतिक संबंधों** के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

स्टोनहेंज:

- **स्टोनहेंज इंग्लैंड** के विल्टशायर में स्थित एक प्रागैतिहासिक महापाषाण स्मारक है **(3100-1600 ईसा पूर्व)**, जिसमें **संकेंद्रित वृत्तों में विशाल खड़े पत्थर हैं,** जिनका उपयोग संभवतः **खगोलीय, अनुष्ठानिक या दफन प्रयोजनों** के लिये किया जाता था।
- इसका निर्माण **सरसेन बलुआ पत्थर** और **ब्लूस्टोन** से किया गया था, तथा इससे संबंधित **एवेन्यू** और **कर्सस्यूज़** जैसे स्मारक भी जुड़े हुए थे।
- इसे **वर्ष** 1986 में [**यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल**](#) के रूप में मान्यता दी गई।

और पढ़ें: [**पाषाण युग की लकड़ी की कलाकृतियाँ**](#), [**भारत में विश्व धरोहर स्थल**](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/4,000-year-old-wooden-circle-of-denmark